संपादकीय जागरण

(10) बुधवार, 1 मई, 2024 : वैशाख कृष्ण-7-8 वि. 2081

निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है

# फर्जी वीडियो

गृहमंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो के सहारे उनके खिलाफ दुष्प्रचार करने और गलत नैरेटिव फैलाने की कोशिश कोई नई बात नहीं। इस तरह की हरकतें होती ही रहती हैं। चूंकि इस समय चुनाव चल रहे हैं, इसलिए फर्जी, संदर्भ से काटकर और अर्थ का अनर्थ करने वाले गलत तरीके से संपादित किए गए वीडियो आने का सिलसिला शायद ही थमे। किसी को बदनाम करने के लिए फर्जी वीडियो प्रचारित-प्रसारित करने का सिलसिला इसीलिए तेज होता जा रहा है, क्योंकि यह काम करने वाला पूरा एक तंत्र खड़ा हो चुका है। इसी कारण दुनिया भर में फेक न्यूज एक बड़ी समस्या बन गई है। इसका कारण तकनीक का दुरुपयोग रोकने के लिए पर्याप्त उपाय न करना और दोषी लोगों को कठोर दंड न दिया जाना है। आम तौर पर जब किसी नेता के फर्जी वीडियो पर कोई कार्रवाई होती है तो विरोधी दल के लोग यह शोर मचाने लगते हैं कि विरोधियों का दमन किया जा रहा है। कुछ तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ लेने लगते हैं। हालांकि समय-समय पर सभी दलों के नेता फर्जी खबरों, फोटो, वीडियो का शिकार बनते रहते हैं, लेकिन जब उन्हें प्रचारित-प्रसारित करने वालों के खिलाफ पुलिस कोई कदम उठाती है तो राजनीतिक कारणों से आरोपित का बचाव किया जाने लगता है। कभी-कभी तो ऐसे तत्वों के प्रति अदालतें भी नरम रवैया अपना लेती हैं। इसका परिणाम यह है कि फोटो, वीडियो में छेड़छाड़ कर भ्रम फैलाने वालों के दुस्साहस पर लगाम नहीं लग पा रही है। यह इसलिए चिंता की बात है, क्योंकि अब एआइ का सहारा लेकर ऐसे वीडियो बनाए जाने लगे हैं, जिनके साथ की गई छेड़छाड़ का पता लगाना कठिन होता है। इस तरह के वीडियो बनाकर कलाकारों और नेताओं को बदनाम करने के मामले बढ़ रहे हैं। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि तकनीक का दुरुपयोग करके जनमत और साथ ही चुनावों को प्रभावित करने का काम सुनियोजित तरीके से होने लगा है। कैंब्रिज एनालिटिका का मामला ऐसा ही था। ऐसे मामले इसीलिए सामने आते हैं, क्योंकि सोशल नेटवर्क प्लेटफार्म संचालित करने वाली कंपनियां उनका दुरुपयोग रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने से इन्कार कर रही हैं। कई बार तो वे शिकायत के बाद भी मानहानिकारक या फिर कानून एवं व्यवस्था के लिए खतरा बनने वाले फर्जी वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करतीं। फर्जी खबरें राजनीति और सामाजिक सद्भाव के साथ शासन तंत्र के लिए भी खतरा हैं। यह खतरा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। अच्छा हो कि राजनीतिक दलों में इस खतरे से निपटने के उपायों को लेकर सहमति बने। यह समझा जाना चाहिए कि लोकतंत्र के समक्ष जो नए खतरे उभरे हैं, उनमें फर्जी खबरें, फोटो और वीडियो भी हैं। आधुनिक तकनीक एक वरदान है, लेकिन यदि उसका दुरुपयोग नहीं थमा तो वह अभिशाप भी बन सकती है।

# विवादित पोस्ट पर कार्रवाई

लोकसभा चुनाव के दौरान इंटरनेट मीडिया पर विवादित और भड़काऊ पोस्ट को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता है। बिहार में ऐसी 95 शिकायतें अंकित की गई हैं। इसमें 10 की गंभीरता को देखते हुए आर्थिक अपराध इकाई ने प्राथमिकी भी कराई है। चुनाव के समय मुद्दों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप सामान्य बात है। लोकतंत्र में हर कोई अपनी बात रखने को स्वतंत्र है। पक्ष हो या विपक्ष, सभी अपनी बात रखते हैं और रखनी भी चाहिए। जनता सभी को देखती-सुनती है, फिर अपना निर्णय देती है। यही लोकतंत्र की खूबसूरती है, जहां वैचारिक बहस होती है, लेकिन जब यह मर्यादा की सीमा लांघने लगे तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जानी चाहिए। यह भी देखा जा रहा है कि इंटरनेट मीडिया पर कुछ लोग विवादित बयान और प्रतिक्रिया देकर स्वयं को प्रकाश में लाने का प्रयास करते हैं। ऐसे किसी भी प्रयास को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। एक स्वस्थ और सकारात्मक विचार का सदैव स्वागत किया जाना चाहिए, उस पर बहस होनी चाहिए, पर वातावरण को कलुषित करने का कोई भी प्रयास किया जा रहा हो, तो ऐसे तत्वों को चिह्नित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसे तत्वों की पहचान कर प्रशासन ने जो कार्रवाई की है, वह बिल्कुल सही है। करीब डेढ़ महीने में 95 शिकायतें चिह्नित की जा सकी हैं, संख्या इससे भी अधिक होने का अनुमान है, जहां भावना को उकसा कर अपना स्वार्थ साधने का प्रयास किया जाता है। ऐसे लोगों को न समाज से मतलब है, न सकारात्मक वैचारिक पक्ष से। कोई भी सभ्य समाज ऐसे प्रयास को कतई स्वीकार नहीं करेगा।

**अमर्यादित पोस्ट को सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास ही कहा जा सकता है, इस पर निश्चित रूप से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।**

## कह के रहेंगे


माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या अरविंदर सिंह लवली का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा राजधानी में कांग्रेस की चुनावी संभावनाएं खराब करेगा?**




आज का सवाल
क्या टी-20 विश्व कप के लिए चयनित टीम संतुलित है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# भारतीय लोकतंत्र को लांछित करने का अभियान




श्रीराम चौलिया

**भारत में चुनाव प्रक्रिया एवं शासन व्यवस्था में कुछ सुधार आवश्यक हैं, पर हमारी उपलब्धियों को अनदेखा कर मनगढ़ंत आरोप लगाना एक सुनियोजित षड्यंत्र है**

देश में जारी लोकसभा चुनाव जिस बड़े पैमाने पर आयोजित हो रहे हैं, वह विश्व के सामने एक मिसाल है। दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है, जहां करीब 97 करोड़ मतदाता हों, दो हजार आठ सौ राजनीतिक दल कड़ी प्रतिस्पर्धा में हों, 55 लाख ईवीएम हों, जिनसे छेड़छाड़ नहीं की जा सकती, साढ़े दस लाख मतदान केंद्र हों, जहां अधिकतर शांतिपूर्वक और बिना धांधली के मतदान हो और चुनाव परिणाम की विश्वसनीयता पर हारने वाले उम्मीदवार अथवा दल भी स्वीकृति देते हों। इतने बड़े पैमाने पर आज तक इतिहास में कभी भी लोकतांत्रिक स्वेच्छा का प्रदर्शन नहीं देखा गया। अगर इस कीर्तिमान को कोई तोड़ेगा भी तो उस देश का नाम भारत ही होगा। हम ही अपने आप द्वारा स्थापित ऊंचाइयों से ऊपर जाने की सामर्थ्य रखते हैं।

विश्व में लोकतंत्र की साख कायम रखने में भारत सबसे प्रबल दायित्व निभा रहा है। हम आज उस कालखंड में हैं, जहां चीन जैसे शक्तिशाली देश में तानाशाही का बोलबाला बढ़ रहा है और अमेरिका जैसा लोकतांत्रिक महारथी राजनीतिक ध्रुवीकरण और आत्मसंदेह में फंसा है। अगर हम शासन व्यवस्थाओं के वैश्विक संतुलन का जायजा लें तो वह खतरनाक ढंग से तानाशाही के पक्ष में झुक रहा है और फिर भी भारत लोकतंत्र की लौ को जलाए हुए है। मौजूदा लोकसभा चुनाव इसका परिचायक है। दुनिया भर में लोग देख सकते हैं कि तेज गति से आर्थिक प्रगति करते विशाल देश भारत का लोकतंत्र कितना मजबूत और गहरा है। वे आश्वस्त हो सकते हैं कि सफलता और समृद्धि के लिए चीन की राह पर जाना अनिवार्य नहीं है। इन अकाट्य तथ्यों के बावजूद पश्चिम के उदारवादी पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक भारत में कथित 'लोकतांत्रिक पथभ्रष्टता' और पतन पर निरंतर दुष्प्रचार अभियान चला रहे हैं। भारत में चुनाव प्रक्रिया के प्रति जनसाधारण में आस्था के तमाम जमीनी प्रमाणों को जानबूझकर अनदेखा करके इन छिद्रान्वेषी आलोचकों ने लगातार लांछन लगाने और यह माहौल बनाने का प्रयास किया है कि भारत पीछे की ओर जा रहा है। उदाहरण के लिए कुछ खबरों और लेखों के शीर्षक देखें-मोदी का निरंकुशता की ओर झुकाव: कैसे मोदी भारत को निरंकुशता में बदलने के लिए हिंदू धर्म का उपयोग कर रहे हैं' (फारेन पालिसी)। 'मोदी का भारत वह स्थान है, जहां वैश्विक लोकतंत्र खत्म हो जाता है।' (न्यूयार्क टाइम्स)। 'इस साल भारत के चुनाव अपनी 'अलोकतांत्रिक प्रकृति' के साथ सामने आए हैं।' 'मोदी लोकतंत्र को चुनावी अधिनायकवाद में बदल रहे हैं।' (लि मांडे)। 'भारत में कानून के शासन का क्या हुआ?' (द एटलांटिक)। 'क्या मोदी ने भारतीय लोकतंत्र को उसके टूटने के बिंदु से आगे धकेल दिया है?' (न्यू यार्कर)। 'नरेन्द्र मोदी की हिंदू राष्ट्रवादी सरकार नागरिक अधिकारों पर अपना हमला बढ़ा रही है।' (द गार्डियन)



अवधेश राजपूत

मोदी सरकार के साथ भारत के निंदक टिप्पणीकारों एवं संपादकों के लक्षणों को समझना आवश्यक है। ये वस्तुगत सच्चाई के बजाय एक छोटे अभिजात्य वर्ग की सर्वसम्मति और आरामकुर्सी पर हासिल कथित ज्ञान के आधार पर लिखते और बोलते हैं। ब्रिटेन के राजनीतिशास्त्री एड्रियन पेबस्ट ने 'उदार लोकतंत्र के राक्षस' नामक पुस्तक में इनकी पोल खोली है। उन्होंने दिखाया है कि पश्चिमी उदारवादी 'आम लोगों के मूल्यों के प्रति अत्यधिक अलोकतांत्रिक और असहिष्णु हैं' और उनका लक्ष्य है 'सत्ता और धन को संकीर्ण और गैरजिम्मेदार अभिजात्य वर्ग के हाथों में केंद्रित करना।' वे न केवल भारत जैसे सक्रिय लोकतंत्र पर अंगुली उठाते हैं, बल्कि अपने देशों में रूढ़िवादी और दक्षिणपंथी सरकारों एवं नेताओं में अलोकतांत्रिक प्रवृत्तियां हावी होने का आरोप लगाते हैं। जहां भी उदारवादी धड़े के अनुसार राजनीति और समाज नहीं झुकते, वहां इस धड़े के लोग उन्हें पिछड़ता हुआ दिखाने को अपना कर्तव्य समझने लगते हैं। हालांकि उदारवादी और रूढ़िवादी, दोनों ही लोकतांत्रिक दायरे के अंदर रहते हैं, लेकिन कुछ विशेषज्ञों को केवल उदारवादी ही लोकतांत्रिक नजर आते हैं और बाकी सबको वे अलोकतंत्रवादी या लोकलुभावनवादी करार देते हैं। इनमें सामान्य जनता की समझ को स्वीकार करने की जैसी अनिच्छा और असहिष्णुता है, उससे साफ जाहिर है कि ये गैरलोकतांत्रिक मानसिकता के शिकार हैं और इनमें विशेषाधिकार की यह भावना है कि पूरे विश्व को उनके पसंदीदा पथ पर ही चलना चाहिए। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ऐसे लोगों के बारे में उचित ही कहा कि उन्हें लगता है कि वे सिर्फ पर्यवेक्षक ही नहीं, बल्कि 'हमारे चुनाव में राजनीतिक खिलाड़ी भी हैं और वे एक ऐसा एक वैश्विक खेल खेल रहे हैं, जिसमें उन्हें घुसपैठ करनी होगी।'

चूंकि प्रधानमंत्री मोदी ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, प्राचीन विरासत और विकास पर जोर देकर जनमानस का समर्थन जुटाया है, इसलिए उदारवादी विदेशी समीक्षकों में गहरी हताशा है। तभी उनके हर वार में मोदी को केंद्रबिंदु बनाया जाता है और उन्हें भारत के खलनायक के तौर पर पेश किया जाता है। दुर्भाग्यवश हमारे अपने विपक्षी नेताओं और वाम-उदार बुद्धिजीवियों के साथ इन अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों और टिप्पणीकारों की सांठगांठ है। राहुल गांधी का यह कथन विदेशी आलोचकों की भाषा से न केवल मिलता-जुलता है, बल्कि उन्हें प्रभावित भी करता है कि वर्तमान आम चुनाव 'लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए अंतिम अवसर हैं, क्योंकि मोदी उसे नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं।' दूसरे देशों में बसे भारतीय मूल के कुछ कथित उदारवादी विचारक भी इस गठजोड़ में शामिल हैं और उन्हें उन देशों में वरीयता तभी मिलती है, जब वे मोदी की हाय-हाय करते दिखें और भारत की बुराई करते रहें।

विश्व के प्रत्येक लोकतंत्र में त्रुटियां होती हैं और कोई भी देश दोषहीन नहीं हो सकता। भारत में भी चुनावी प्रक्रिया एवं शासन व्यवस्था में लगातार सुधार जरूरी हैं और अभी हमारा लोकतंत्र सर्वाधिक उत्कृष्ट स्तर पर नहीं पहुंचा है, लेकिन वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हमारी जो उपलब्धियां हैं, उन्हें अनदेखा करके मनगढ़ंत आरोप लगाना और भारत की छवि को मलिन करना एक सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा है। इसका भंडाफोड़ साधारण भारतीय मतदाता तो करेंगे ही, हमारे तार्किक, राष्ट्रवादी बुद्धिजीवियों को भी चाहिए कि वे वास्तविकता दिखाते रहें।

(लेखक ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के जिंदल इंडिया इंस्टीट्यूट के महानिदेशक हैं)

response@jagran.com

# मनचाहे आरोपों की राजनीति



राजीव सचान

**कांग्रेस के घोषणा पत्र के साथ भाजपा वही कर रही, जो उसने सीएए और कृषि कानूनों को लेकर किया था**

कांग्रेस के इस आरोप में दम है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न्याय पत्र नाम वाले उसके घोषणा पत्र की मनचाही व्याख्या कर रहे हैं और उसमें तो वैसा कुछ लिखा ही नहीं, जिसका वह उल्लेख कर रहे हैं। बीते कुछ दिनों से मोदी यह कहकर कांग्रेस को घेर रहे हैं कि वह लोगों की जमीन-जायदाद और यहां तक कि महिलाओं का सोना-चांदी और उनके मंगलसूत्र के बारे में जानकारी जुटाकर उन्हें अपने पसंदीदा वोट बैंक को बांटने का इरादा रखती है। मोदी यह भी कह रहे हैं कि कांग्रेस एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण में कटौती कर मुस्लिम समुदाय को देना चाहती है। उन्हें यह कहने का मौका इसलिए मिल गया, क्योंकि कर्नाटक सरकार ने राज्य के समस्त मुस्लिम समुदाय को पिछड़ा मानकर ओबीसी आरक्षण में शामिल कर दिया। इस पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने आपत्ति भी जताई है। भाजपा को संपत्ति के पुनर्वितरण करने का आरोप लगाकर कांग्रेस को घेरने का मौका उसके घोषणा पत्र के इस बिंदु से मिला कि वह संपत्ति का सर्वे कराएगी। रही-सही कसर सैम पित्रोदा ने यह कहकर पूरी कर दी कि भारत को अमेरिका जैसे विरासत टैक्स पर बहस करनी चाहिए।

कांग्रेस सफाई देते-देते परेशान है, लेकिन मोदी और उनके सहयोगी अपने आरोप बार-बार दोहरा रहे हैं। कांग्रेस का इससे परेशान होना स्वाभाविक है, लेकिन बहुत समय नहीं हुआ, जब कांग्रेस के साथ विपक्षी दलों के अन्य अनेक नेता देश को यह समझाने में लगे हुए थे कि यदि नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए लागू हुआ तो देश के मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। इसका दुष्प्रचार इतना अधिक किया गया कि दिल्ली के साथ देश के अनेक हिस्सों में लोग सड़कों पर उतरे, बड़े पैमाने पर हिंसा हुई और उसमें करोड़ों की सरकारी और गैर-सरकारी संपत्ति स्वाहा हो गई। कुछ लोगों की जान भी गई। दिल्ली में 50 से अधिक लोगों की जान लेने वाले दंगे सीएए विरोधी शाहीन बाग धरने के लंबा खिंचने का ही नतीजा थे। याद करें कि इस धरने को संबोधित करने कौन-कौन विपक्षी नेता जाते थे और वहां क्या-क्या कहते थे? शाहीन बाग धरने के चलते दिल्ली को नोएडा से जोड़ने वाली एक व्यस्त सड़क जबरन अवरुद्ध कर दी गई थी, लेकिन किसी को दिल्ली-एनसीआर के आम लोगों



सत्तापक्ष-विपक्ष में आरोपों की बौछार ● फाइल

को हो रही परेशानी की परवाह नहीं थी। दुर्भाग्य से इस धरने पर सुप्रीम कोर्ट ने भी कुछ नहीं किया। यदि कोविड महामारी नहीं आई होती तो शायद दंगों के बाद भी यह धरना जारी रहता।

कुछ दिनों पहले सीएए के नियम अधिसूचित कर दिए गए, लेकिन शायद ही कोई उनके विरोध में उतरा हो, क्योंकि सभी को यह समझ आ गया था कि चार वर्ष पहले उन्हें बरगलाया गया था। तब विपक्षी नेताओं को सीएए की मनमानी व्याख्या करने का मौका इसलिए मिल गया था, क्योंकि उसमें पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए मुसलमानों को इन देशों का बहुसंख्यक होने के नाते नागरिकता देने का प्रविधान नहीं था। विपक्षी नेताओं को सीएए के जरिये भारत के मुसलमानों की नागरिकता छीने जाने का सनसनीखेज आरोप लगाने का अवसर भी इसलिए मिल गया था, क्योंकि इस कानून के बाद राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर यानी एनआरसी लाने की चर्चा हो रही थी। हालांकि एनआरसी के मसौदे का अता-पता नहीं था, लेकिन विपक्षी नेताओं ने यही बताया कि देश के मुसलमानों को पहले एनआरसी से बाहर किया जाएगा, फिर सीएए के प्रविधान के तहत उनकी नागरिकता छीन ली जाएगी। लोगों को भड़काने और सड़कों पर उतारने के लिए यह पर्याप्त था।

भाजपा की ओर से अपने घोषणा पत्र की मनमानी व्याख्या से कांग्रेस का परेशान होना स्वाभाविक है, पर जब कांग्रेस के साथ अन्य विपक्षी दलों के नेता कृषि कानूनों की मनचाही व्याख्या कर रहे थे तो भाजपा के साथ दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा एवं पंजाब के लोग भी बहुत परेशान हुए थे। तब इन कानूनों के विरोध में विपक्षी दलों के सहयोग-समर्थन से उत्साहित किसान संगठन राजमार्गों को घेरकर बैठ गए थे। वे करीब एक वर्ष तक दिल्ली को घेरकर बैठे रहे। इससे करोड़ों लोग परेशान हुए और अरबों रुपये का नुकसान हुआ। तब कांग्रेस समेत विपक्ष को आनंद आ रहा था, क्योंकि सरकार किसान नेताओं के निशाने पर थी और वह उन्हें संतुष्ट नहीं कर पा रही थी। इसलिए नहीं कर पा रही थी, क्योंकि किसान संगठनों के साथ विपक्षी दल यही बताने में लगे थे कि कृषि कानूनों का मूल उद्देश्य किसानों की जमीन छीनना है। कृषि कानूनों की ऐसी व्याख्या का कोई आधार न था, लेकिन विपक्ष ने यह तय कर लिया था कि उसे किसानों को यही समझाना है कि इन कानूनों से उनके खेत खतरे में हैं। तब विपक्षी दलों के साथ कथित किसान संगठनों के नेता भी अपना राजनीतिक हित देख रहे थे। एक ऐसा ही संगठन पंजाब के विधानसभा चुनावों में उतरा और उस समय किसान नेता बने योगेंद्र यादव का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के बाद कहना था कि हमने तो विपक्षी दलों के लिए पिच तैयार की थी, लेकिन यदि वे उसका फायदा नहीं उठा सके तो हमारा क्या दोष?

यदि कोई इस नतीजे पर पहुंच रहा है कि भाजपा कांग्रेस के घोषणा पत्र की मनचाही व्याख्या कर रही है तो वह गलत नहीं, लेकिन उसे इस नतीजे पर भी पहुंचना होगा कि तीन-चार वर्ष पहले कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल सीएए और कृषि कानूनों की मनमानी व्याख्या कर रहे थे। चूंकि राजनीतिक दलों ने एक-दूसरे की नीतियों को लेकर उन पर मनचाहे आरोपों की बौछार करने की सुविधा हासिल कर रखी है, इसलिए चुनावों के दौरान आदर्श चुनाव संहिता प्रभावी नहीं दिखती। आदर्श चुनाव संहिता तब प्रभावी होगी, जब कोई आदर्श राजनीतिक संहिता भी होगी।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

# अच्छाई की राह

अच्छे व्यक्ति का साथ हो तो सद्गुणों का विकास होता है। इससे व्यक्ति विनम्र बन जाता है। जबकि बुरे की संगति में व्यक्ति उद्दंड बन जाता है। हमारे निकट लोगों के जीवन में झांकने से प्रतीत होगा कि अच्छे लोगों के सान्निध्य से जिस किसी में उद्दंडता थी, उसमें विनम्रता आ गई। उसकी बुराइयों पर भी विराम लग गया। जहां संगति अच्छी नहीं होती, वहां विनम्र व्यक्ति भी उद्दंड बन जाता है।

हमारे दैनिक जीवन में चलने वाले अप्रत्यक्ष संग्राम को किसी हथियार से नहीं, बल्कि अपने भीतर छिपी शक्ति से ही जीता जा सकता है। स्वामी विवेकानंद के इस कथन के अनुसार कि जब प्रेरणा भीतर से आएगी, तभी आप अच्छाई की ओर उन्मुख हो सकेंगे। यह मत सोचें कि आप अच्छे नहीं बन सकते हैं। कन्फ्यूशियस ने कहा है कि महान व्यक्ति जिन चीजों को ढूंढ़ते हैं, वे उन्हें अपने भीतर ही प्राप्त हो जाती हैं। कमजोर ही दूसरों का मुंह ताकते हैं। आचार्य महाप्रज्ञ ने भी कहा है कि आत्मप्रेरित इंसान कभी खाली नहीं बैठ सकता। वह खुद को और दूसरों को भी सुखी बनाता है।

एक व्यक्ति प्रकृति से विनम्र है, किंतु उसे गलत सीख मिली कि तुम बड़े आदमी हो, तुम्हारे पास बहुत धन है, तुम्हें क्या करने की जरूरत है, ऐसी गलत सीख देकर उसे अहंकारी बना दिया जाता है। जो अहंकारी बन जाता है, वह पतन की राह पर बढ़ जाता है। पतन का सबसे सरल मार्ग है-अहंकारी हो जाना। बुराई के रास्ते तो हर मोड़ पर मिल जाते हैं, परंतु अच्छाई का रास्ता भीतर से होकर ही निकलता है। इसलिए स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार आवश्यक है। जब आपको अंदर से अच्छा बनने की प्रेरणा मिलती है तो आपको संभावनाओं का अनंत आकाश नजर आता है। इस प्रेरणा के कारण ही आप ज्यादा से ज्यादा अच्छा बनने को उत्सुक होते हैं। यह अंदरूनी प्रेरणा सफलता के निकट ले जाती है। इसी से अच्छाइयों के द्वार उद्घाटित होते हैं। इसलिए भीतर छिपी प्रेरणा को पहचानना आवश्यक है।

ललित गर्ग

## पाठकनामा

pathaknama@pat.jagran.com

### आत्ममंथन करे कांग्रेस

'सूरत के बाद इंदौर' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय टिप्पणी में पढ़ा कि आम चुनाव के लिए कांग्रेस की रणनीति कितनी लचर रही है। अब तो पार्टी में आंतरिक स्तर पर ही चुनावी रणनीति को लेकर सवाल उठने लगे हैं। पार्टी अगर इतने महत्वपूर्ण चुनाव के लिए अपने प्रत्याशी ही ढंग से नहीं चयन कर पा रही तो वह सत्तारूढ़ भाजपा को किस प्रकार चुनौती पेश कर पाएगी। इससे पहले कई सीटों पर ऐसी बातें सामने आ चुकी हैं कि पार्टी के प्रत्याशी ने ही चुनाव लड़ने से इन्कार कर दिया तो कहीं टिकट दिए जाने पर ही विरोध शुरू हो गया, जैसे कि जयपुर। राजधानी दिल्ली भी कांग्रेस की लचर रणनीति का एक बड़ा उदाहरण है, जहां बड़ी मशक्कत के बाद कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन किया, लेकिन प्रत्याशी उतारने में बहुत देर कर दी और जब उम्मीदवार उतारे तो ऐसे कि प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ही अपने पद से इस्तीफा देकर चलते बने। ये किसी भी लिहाज से कांग्रेस के लिए शुभ संकेत नहीं। इससे चुनाव में उतरने से पहले ही कार्यकर्ताओं का मनोबल प्रभावित होगा। कांग्रेस को आत्ममंथन कर अपनी रणनीति बदलनी होगी। अन्यथा उसकी चुनावी संभावनाएं अच्छी नहीं दिख रहीं।

गुंजन शर्मा, कमला नगर-नई दिल्ली

### ममता को सुप्रीम झटका

'न्यायपालिका की गरिमा पर आघात' शीर्षक आलेख में सीबीपी श्रीवास्तव ने इस आरोप से इन्कार किया है कि न्यायपालिका पर राजनीतिक दबाव है। उन्होंने उचित लिखा है कि न्यायालय के किसी भी निर्णय की आलोचना करने के पहले उस मामले के तथ्यों और संबंधित विधियों पर विचार किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट से ममता बनर्जी सरकार को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने 25,753 शिक्षकों और गैर शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को रद करने पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया है। शीर्ष न्यायालय ने यह आदेश पश्चिम बंगाल हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई के बाद दी। कोर्ट अब इस मामले में छह मई को सुनवाई करेगी। सनद रहे 26 अप्रैल को हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएससीसी) के 2016 भर्ती पैनल को रद कर दिया था। इस मामले में सीबीआइ ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और कुछ पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया था, जो कथित घोटाले के समय डब्ल्यूबीएसएससी में पद पर थे। कोलकाता हाई कोर्ट ने गत दिनों शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में 2016 में बहाल हुए शिक्षकों की नौकरी खत्म कर दी थी। साथ ही उन सभी को आठ वर्ष का वेतन लौटाने का निर्देश दिया था। इसके बाद पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने इस फैसले की आलोचना की थी। ममता की इस आलोचना को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) नेता विकास रंजन भट्टाचार्य ने मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ से आग्रह किया था कि अवमाननापूर्ण बयानों के लिए ममता पर कड़ी कार्रवाई की जाए। शिक्षक बहाली में कम नंबरों वाले उम्मीदवारों के नाम मेरिट लिस्ट में सबसे ऊपर होने के आरोप लगे। इतना नहीं मेरिट में न होने वालों को भी नौकरी मिलने के आरोप लगे।

युगल किशोर राही, छपरा, बिहार

### निष्पक्ष विश्लेषण की आवश्यकता

शिवाकांत शर्मा द्वारा लिखित आलेख 'आंकड़ों के अभाव में असंतुलित विमर्श' पढ़ा। देश में लोकसभा चुनाव प्रचार चरम सीमा पर है। चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहता है। चुनाव जीतने के लिए सभी दल लोकलुभावन वादों की झड़ी लगा देते हैं। इलेक्ट्रानिक मीडिया पर भी सही विश्लेषण नहीं दिखाया जाता है। इंटरनेट मीडिया पर अपने-अपने दल के समर्थक अपनी नीतियों की अपने पक्ष में व्याख्या करते हैं। जनता किंकर्तव्यविमूढ़ हो जाती है कि किस पर भरोसा करें। देश में आंकड़ों का निष्पक्ष विश्लेषण करने के लिए कोई संवैधानिक संस्था नहीं है, लेकिन इस तरह की तटस्थ संस्थाएं यूरोप, अमेरिका, कनाडा व आस्ट्रेलिया समेत कुल 37 देशों में हैं, जिन्हें राजस्व निगरानी समिति या परिषद कहा जाता है। भारत में भी इस तरह की संवैधानिक संस्था होनी चाहिए। संभव है, उस संस्था पर भी राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप लगें, लेकिन राजनीतिक आरोपों की वजह से सुधार की गति नहीं रुकनी चाहिए। इस चुनाव में भाजपा ने अस्सी करोड़ जनता को पांच वर्षों तक निशुल्क अनाज देने का घोषणा की है, तो कांग्रेस ने एमएसपी की गारंटी तथा हर स्नातक व हर गरीब परिवार की महिला को एक-एक लाख प्रति वर्ष देने की घोषणा की है। दोनों प्रमुख दलों की घोषणाओं का सही विश्लेषण होना चाहिए, ताकि आम जनता सच्चाई से अवगत हो सके, एवं सोच विचार कर मतदान करे।

ई हिमांशु शेखर, केसपा, गया।

## पोस्ट

यह भी क्या संयोग है कि जनवरी में इंदौर एवं सूरत को शहरों के स्वच्छता सर्वेक्षण का संयुक्त विजेता घोषित किया गया था और अप्रैल में दोनों शहरों ने कांग्रेस प्रत्याशी को अपने यहां से साफ कर दिया।

निष्ठा अनुश्री@nishthaanushree

इंदौर में कांग्रेस उम्मीदवार का भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में नामांकन वापस लेना शर्म की बात है। यह प्रमाणित करता है कि हमारी चयन प्रक्रिया में कमियां हैं। हमें किसी वफादार एवं प्रतिबद्ध कांग्रेस नेता को टिकट देना चाहिए था। अनिल शास्त्री@anilkshastri

यह समय की मांग है कि प्रज्वल रमन्ना पर ऐसी कार्रवाई हो कि दुनिया याद रखे। साथ ही यह भी समय की मांग है कि वे तथाकथित प्रगतिशील दल, नेता, बुद्धिजीवी आदि अपनी जुबान बंद रखें, जो शाहजहां शेख को अपना माई-बाप बनाकर बैठे थे।

अभिषेक उपाध्याय@upadhyayabhii



टी-20 के अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों में रवि बिश्नोई की छठी रैंकिंग है, लेकिन इसके बावजूद उनका चयन नहीं किया गया। वहीं, भारतीय टीम के लिए रिंकू सिंह के हालिया प्रदर्शन को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए था। ये फैसले पचाना कुछ मुश्किल है। इरफान पठान@IrfanPathan

## जनपथ

जेडीएस पर लग गया रेवन्ना का दाग,
अब तो ऐन चुनाव में फैलेगी यह आग।
फैलेगी यह आग जलाएगी यह इज्जत,
बिगड़ा हुआ चरित्र कराए भारी हुज्जत।
देता तुरत बिगाड़ मिला जो वर्षों में यश,
भुगत रहा है आज परिस्थिति वह जेडीएस।
– ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान सम्पादक- स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन- महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान सम्पादक -संजय गुप्त
जागरण प्रकाशन लिमिटेड के लिये आनन्द त्रिपाठी द्वारा दैनिक जागरण प्रेस C-5, C-6 & 15 इंडस्ट्रियल एरिया, पाटलिपुत्रा, पटना - 800013 से प्रकाशित एवं मुद्रित, सम्पादक (बिहार/प. बंगाल)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय सम्पादक - आलोक मिश्रा * दूरभाष : 0612-2277071, 2277072, 2277073
E.mail : patna@pat.jagran.com, R.N.I. NO. BIHHIN/2000/03097* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी पटना जीपीओ रजि.नं. R-10/NP-18/14-16 समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे। वर्ष 25 अंक 20

********




CONTACT US: 7280004001 / 7280004002 / 7280004004 / 6005011829
Address : 2, Hira Panna Complex, Boring Road, Patna.
SUNDAY OPEN

HONDA




Low ROI @ 7.99%*
No Hypothecation*
7.5% Cashback Up to ₹5000*
For dealer details, WhatsApp or missed call on 7230032200 or scan the QR Code

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com

*Terms & conditions apply. Product shown in the picture may vary from the actual product available in the market. Accessories shown in the product are not part of the standard equipment.

Honda Exclusive Authorized Dealerships: ARA: Quality Honda - 6298012302; P R Ara Honda - 06182-238222, 8102922212; AURANGABAD: Maa Shakti Honda - 8102919410, 8102919403; ARWAL: Nutan Honda - 9570411111, 9297932366; BAKHRI: Priya Honda - 9060209939, 7549258277; BELAGANJ: Bela Honda - 9430020800; BIHAT: Prashant Honda - 8674866 2306, 6206805308; BEGUSARAI: GS Automax Honda - 9709500023, 09709500022; BIHAT: Prashant Honda - 6201380628; BAKHRI: Priya Honda - 9122031963, 9060209939; BUXAR: Pahwa Honda - 8825306040, 9472490723; CHAUSA: Om Honda - 8840793947; BIHARSHARIFF: DD Honda - 7070097011, 9264452563; ISLAMPUR: RK Brothers Honda - 8682837641; BIHTA: Sharnagati Honda - 9572022993, 9572022392; HILSA: Laxmi Honda - 7250312288, 9122937058; PATNA: Pahadiya Honda - 0612-2384088, 9693250411; Prema Honda - 8102363564/65, 8102919342; IC Honda - 09386253914, 8102227991; IC Honda (Saguna More) - 9297971720, 9297971721; Alankar Honda - 09386998462, 9304055892; Prema Honda (Boring Road) - 8102919328, 8102363576; Prema Honda (Mahendru) - 8102019332, 8102919251; Prema Honda (Ranipur) - 6287901801, 6287901802; Alankar Honda (Masaurhi) - 9386160526; Alankar Honda (Patna City) - 9308004936; Alankar Honda (Kurji) - 7488177748; BARH: Barh Honda - 8935968858, 7485831838; CHAPRA: Ambey Honda - 9570500024, 9570500035; Arti Honda (Ekma) - 7070079707; Mahajan Honda (Maker) - 9472929496; Lalit Honda (Baniyapur) - 9199442784; J.P. Automobiles (Garkha) - 9199934500; Mahavir Honda (Mashrakh) - 7033376384, 9102390021; SIWAN: Dev Honda - 7547070801, 07547070810; BASANTPUR: Vidya Honda - 9973000611; HAJIPUR: Anamika Honda - 8544386496, 7541820011, Bindhyabasini Honda - 6205977690; LALGANJ: Anamika Honda - 09835437212; MAHUA: Vikas Honda - 09472224324, 9155773444; MANER: Soni Honda - 9334242847, 9334851010; PALIGANJ: M.V Honda - 8809088002, 7050133999; PUNPUN: Sumitra Honda - 0612-2477762, 9934021010; SHEKHPURA: Raj Honda - 09122751009, 9931410552; JANDAHA: Bhawani Honda - 09006706094, 09661630122; JEHANABAD: Nutan Honda - 7991188119; 7303718008; SIWAN: Dev Honda - 7547070801-05, 07547070810; TEGHARA: Dev Honda - 8678899933, 7280044479; RAJGIR: Om Sai Honda - 9122592323, 6200398155; SAMPATCHAK: Ujjain Honda - 9473491415, 8541029162; EKMA: Arti Honda - 9060074907, 7992281329; MAKER: Mahajan Honda - 9472929496, 8209717240; DUMRAON: Royal Honda- 9771768300; BARAHAMPUR: Sri Ram Honda - 8873840770; JAGDISHPUR: Unique Honda-8789560186; ARA: P R Ara Honda - 06182-238222, 8102922212; GOPALGANJ: Imperial Shine Honda - 9262999401; HARNAUT: Veena Honda - 6299924308, 6299924307; GARKHA: J.P Honda - 9199934500, 8804547540; NOKHA: Shiv Ganga - 9162214637; DANIYAWAN: Ananya Honda - 9153986740, 9153986744; AURANGABAD: Maa Shakti Honda - 9471694309, 7004191400; BARAHAMPUR: Sri Ram Honda - 8873840770; BHABUA: Maa Vaishno Honda - 06967007471; MOHANIA: Kamna Honda - 09955898665, 06271035518; NAWADA: Yuva Honda - 8051300054, 8051300055; BIKRAMGANJ: Akshkamini Honda - 9304753321, 8877950531; DEHRI ON SONE: Shree Balaji Honda - 09708109406; SASARAM: Sudarshan Honda - 06184-221655, 07870917004; JAGDISHPUR: Unique Honda - 8789560186; KOCHAS: Patel Honda - 9955553888; MANPUR: Shivam & Shivani Honda - 9199541108; SHERGHATI: Ramrati Honda - 09939708452; TEKARI: Mishra Honda - 9852584521, 8409059596; RAJAULI: Shri Vishwakarma Honda - 9831957878, 7870880535; RAFIGANJ: Pawan Honda - 9155438175, 6200765415; WARISALIGANJ: Ambika Honda - 9939888418, 06324-273535; HISUA: SD Honda - 9122834995, 06324-263341; GAYA: Seema Honda - 0631-2220496, 07544999933; Gaya Honda - 0631-2222489, 9820609158.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com


*********